# ओडीओपी से बुनकरों को बढ़ा रहे आगे : सिद्धार्थनाथ

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि देश में लगभग 50 लाख हथकरघा बुनकर हैं। इनमें से 2.58 लाख यूपी के हैं। हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित और पारंपरिक कला का संरक्षित करने के लिए यहां एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मंत्री ने ये बातें शनिवार को आवास विकास परिषद सभागार में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित बुनकर सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि हथकरघा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे कारीगरों को उनके उत्पादों का उचित दाम मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। इसके लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसके तहत उन्हें प्रशिक्षण देने से लेकर तैयार उत्पाद बेचने में मदद की जा रही है। समारोह में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह, विभागीय अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल और प्रबंध निदेशक शेषमणि पांडेय भी मौजूद थे।

**ये 14 बुनकर किए गए सम्मानित :** लखनऊ के मुरूशुद्दीन, अयोध्या की सीमा मौर्या, वाराणसी के अमरेश प्रसाद कुशवाहा व मो. असलम, मऊ के महताब अहमद, मेरठ के मो. इनाम, मुरादाबाद के साबिर हुसैन, बरेली के मो. सिद्दीक, प्रयागराज के मो. अनवर, झांसी के रामसेवक मिडइया, गोरखपुर के फैजुल हसन अंसारी, कानपुर के इकरामुद्दीन और इटावा के संतोषी लाल।




आवास विकास परिषद सभागार में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बुनकरों को सम्मानित किया। फोटो : अमर उजाला

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर सम्मानित किए गए बुनकर

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT
National Institute of Electronics and Information Technology
(Under Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India)
M.M.M. University of Technology Campus, Gorakhpur-273010
Website: http://nielit.gov.in/gorakhpur